संख्या—cm-565
23/12/2022

# मोतिहारी में ईंट—भट्ठे की चिमनी फटने की दुर्घटना में मजदूरों की हुयी मौत पर मुख्यमंत्री मर्माहत, पीड़ित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की

पटना, 23 दिसम्बर 2022 :— मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने पूर्वी चम्पारण जिले के रामगढ़वा थाना इलाके में ईंट—भट्ठे की चिमनी फटने की दुर्घटना में मरने वालों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने इस हादसे को अत्यंत दुखद बताया है और इस हादसे में मृत लोगों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने दुख की इस घड़ी में मृतक के शोक संतप्त परिजनों को धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

मुख्यमंत्री ने हादसे में घायल लोगों के समुचित इलाज कराने का निर्देश दिया है। साथ ही उनके शीघ्र स्वस्थ होने की ईश्वर से कामना की है।

******